# ई-पासपोर्ट बनाने का रास्ता साफ

## अक्तूबर 2009 से जनसामान्य के लिए बनेगा

## पुराना पासपोर्ट परिवर्तित होगा, तैयारी पूरी हुई

कानपुर। राजनेता और अफसरों के बाद आम जनता का इलेक्ट्रानिक पासपोर्ट बनाने का रास्ता साफ हो गया है। विदेश मंत्रालय से मंजूरी भी मिल चुकी है। अक्तूबर 2009 से नीले रंग का इलेक्ट्रानिक पासपोर्ट बनना शुरू हो जाएगा।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के प्रोफेसर रजत मूना ने इलेक्ट्रानिक पासपोर्ट की तकनीक विकसित की। सुरक्षा के मानक बनाए। कहा कि एटीएम कार्डनुमा इलेक्ट्रानिक पासपोर्ट बनेगा। छोटी चिप रहेगी और इसमें व्यक्ति से जुड़ा सारा ब्योरा मौजूद रहेगा। नाम, पता, फोटो और विशेष पहचान की व्यवस्था होगी।

पासपोर्ट को बदला नहीं जा सकेगा। विकसित तकनीकी विदेश मंत्रालय को सौंप दी गई। इसके बाद राजनेताओं का लाल और अधिकारियों का ग्रे रंग का इलेक्ट्रानिक पासपोर्ट बनाए जाने लगे। अब आम आदमी के पासपोर्ट बनाने की तैयारी की जा रही है। चिप तैयार करने वाले प्रो. रजत मूना ने बताया कि अक्तूबर 2009 से आम आदमी का इलेक्ट्रानिक पासपोर्ट बनेगा। इसी महीने से पुराने पासपोर्ट भी बदले जाएंगे। हर पुराना पासपोर्ट इलेक्ट्रानिक होगा।